जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण

प्रशासन विभाग

(हिन्दी अनुभाग)

सं. प्रशासन/राजभाषा/अभि.पत्रिका/2023/ दिनांक : /08/2023

परिपत्र

विषय : 'अभिव्यक्ति' हिन्दी पत्रिका के 36वें अंक का प्रकाशन

01. 'अभिव्यक्ति' हिन्दी पत्रिका को प्रकाशित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है । इसलिए सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे 'अभिव्यक्ति' पत्रिका के इस 36वें अंक के लिए निबंध, कहानी, कविता तथा अपने कामकाज से सम्बंधित हिन्दी रचनाएँ मुझे 21 अगस्त, 2023 से पहले भेजने का कष्ट करें । निबंध, कहानी या लेख आदि के कुछ सम्भावित शीर्षक अनुबंध - 1 पर संलग्न है ।

02. सभी प्रकार की रचनाएँ अनुबंध - 2 पर संलग्न प्रमाण-पत्र भरकर तथा फोटो के साथ भेजें । पात्रता की शर्तें भी अनुबंध - 3 पर संलग्न है ।

मानदेय की अद्यतन दरें निम्नलिखित हैं :

हिन्दी निबंध, संस्मरण, कहानी, व्यंग्य, नाटक व एकांकी (प्रति रचना)	-	रु. 3000/-
कविता	-	रु. 1000/-
पुस्तक समीक्षा	-	रु. 1000/-

03. पृष्ठांकित विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग में इस परिपत्र का व्यापक प्रचार करने की कृपा करें और व्यक्तिगत स्तर पर अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिक से अधिक रचनाएँ भेजने के लिए प्रेरित करें । इस परिपत्र की एक छायाप्रति अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर अवश्य लगाएं । न्यूनतम 15% कर्मचारियों से रचनाएँ प्राप्त करना अपेक्षित है । सभी विभागों से प्राप्त रचनाओं की संख्या से महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव को अवगत कराया जाएगा ।

(विनय मल्ल)
प्रबंधक (राजभाषा)

सेवा में,

महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव/मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिक तथा वि. अभि.)/महाप्रबंधक (यातायात)/
मुख्य महाप्रबंधक (पीपीडी)/महाप्रबंधक (वित्त)/हार्बर मास्टर
उप महाप्रबंधक (प्रबंधन सेवा)/उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी

अनुबंध - 1

01) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय अथवा जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान

02) जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण या अन्य पत्तनों का पर्यटन विकास में योगदान अथवा विकास की सम्भावना

03) हमारे प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ किए गए 'गति शक्ति अभियान' में हमारे पत्तन की भूमिका

04) पर्यावरण हितैषी आवासीय एवं कार्यालयी परिसर

अनुबंध - 2

प्रमाणपत्र

मैं ______________________________ ________________(नाम, तथा पदनाम) यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा 'अभिव्यक्ति' पत्रिका में प्रकाशित करने के लिए दिया गया/दी गई -- (रचना का नाम) मौलिक है तथा अभी तक कहीं किसी पत्र अथवा पत्रिका में प्रकाशित नहीं हुआ/हुई है ।

मैं यह वचन देता/देती हूँ कि अगर यह पाया गया कि मेरी रचना मौलिक नहीं थी या किसी पत्र अथवा पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी थी तो मैं प्राप्त मानदेय की समस्त राशि एकमुश्त रूप से लौटा दूँगा/दूँगी ।

स्थान :
तारीख :

हस्ताक्षर :
नाम : (   )
पूरा पता : ---------------------------

मोबाइल नं. :---------------------------

अनुबंध - 3

शर्तें :

(1) संकलित रचना पर मानदेय नहीं मिलेगा । मौलिक या अनूदित रचना पर ही मानदेय मिलेगा ।

(2) संपादक मंडल को उन रचनाओं पर मानदेय नहीं मिलेगा जो संपादक के कर्तव्यों के तौर पर लिखी जाएंगी जैसे - संपादकीय टिप्पणी, स्पष्टीकरण तथा पाठकों के पत्रों के उत्तर इत्यादि । किन्तु, अगर वे पत्रिका के लिए लेख आदि लिखेंगे तो निश्चित दर से मानदेय प्राप्त कर सकेंगे ।

(3) रचनाएँ, लेख आदि अप्रकाशित, मौलिक होने चाहिए तथा साथ ही मौलिकता व अप्रकाशित होने का प्रमाण-पत्र संलग्न प्रपत्र में लेखक द्वारा भेजा जाएगा ।

(4) रचनाएँ ऑन लाइन भेजी जानी चाहिए अथवा व्यक्तिगत स्तर पर हिन्दी अनुभाग में जमा करें ।

(5) बिना प्रमाण पत्र तथा फोटो के रचनाऐं स्वीकार नहीं की जाएंगी ।